Telephone bills in arrears

17. SHRI LAL K. ADVANI:
SHRI KAILASH PATI MISHRA:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there are some telephone bills in arrears against former Union Ministers, ex-MPs and ex-Governors; if so, what is the amount in each case;

(b) what are the amounts of telephone bills outstanding against each (recognised) National political party the telephone number of which is available from Directory information; and

(c) what steps have been taken to recover the dues and the progress made so far in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) to (c) This information is being obtained from the units and will be placed on the Table of the House as early as possible.

धोखाधड़ी के विरुद्ध कार्यवाही

18. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव**: क्या उद्योग मंत्री 29 जुलाई, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 612 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चोरी के कारण कितने सरकारी और गैर-सरकारी लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गई थी, चोरी के कारणों की जांच की गई थी या नहीं ; और

(ख) बेकार वस्तुओं को किस आधार पर बेचा गया था, क्या यह सच है कि उन वस्तुओं को बेकार घोषित करके प्रच्छन्न रूप से बेच दिया गया था और क्या इस आरोप की जांच की गई थी, या नहीं ?

रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर. के. जयचन्द्र सिंह) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जाएगी और सभा पटल पर प्रस्तुत की जायेगी ।

वाहनों का निर्माण

19. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव**: क्या उद्योग मंत्री 3 मार्च, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 651 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में निर्मित विभिन्न प्रकार के वाहनों के माडलों का सरकार द्वारा निरीक्षण किया जाता है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ख) क्या यह सच है कि उनकी उत्पादन लागत और विक्रय मूल्य में बहुत अधिक अन्तर होता है; यदि हां, तो यह अन्तर कितना है ?

औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम): (क) मोटर वाहन अधिनियम, 1939 के उपबंधों के अनुसार वाहनों की जांच-पड़ताल की जाती है । संसद् के पुस्तकालय में इस अधिनियम की प्रति उपलब्ध है ।

(ख) वाहनों की उत्पादन लागत तथा बिक्री कीमत वाणिज्यिक बातों के आधार पर वाहन निर्माताओं द्वारा निर्धारित की जाती है जिसे बताया नहीं जा सकता ।

Sub-Post Offices in rented buildings

20. SHRI JAGANNATH SITARAM AKARTE: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of sub-Post Offices functioning in rented building in Pauri Division, Uttar Pradesh;

(b) whether it is a fact that Nai thana Sub-Post Office has no telegraphic facility and the telegrams are received on telephone and delivered two/three days later by post;

(c) whether Government propose to construct Office buildings as well as

--sidential quarters for the employees working there; and

(d) if so, by when and if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) There are 49 Sub-Post Offices in rented buildings in Pauri Division, Uttar Pradesh.

(b) No. Sir. Naithana E.D. Sub-Post Office does have Phonocom telegraph facility. Telegrams are, therefore, received and sent over phone. Posting is resorted to if telephone line goes out of order or due to non-maturing of calls.

(c) No. Sir.

(d) Due to constraints of funds.

हिन्दी सलाहकार समिति

21. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव:**
डा. बापू कालदाते :

क्या संचार मंत्री 25 नवम्बर, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 114 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान हिन्दी सलाहकार समिति की कितनी बैठकें हुईं और एक वर्ष के कम से कम चार बैठकें आयोजित न करने के क्या कारण हैं ;

(ख) प्रधान मंत्री द्वारा वार्षिक उत्तरोत्तर कार्यक्रम पूरा करने का अनुरोध करने के बावजूद गत 17 वर्षों में वार्षिक उत्तरोत्तर कार्यक्रम पूरा न किये जाने के क्या कारण हैं;

(ग) विभाग में अब तक अंग्रेजी और राजभाषा के कितने टेलीप्रिंटरों, टैलेक्स कम्प्यूटरों, शब्द संसाधकों, इलैक्ट्रानिक तथा साधारण टंकण यंत्र आदि की व्यवस्था की गई है ;

(घ) क्या यह सच है कि हिन्दी भाषी राज्यों में पचास प्रतिशत कार्य भी हिन्दी में नहीं किया जा रहा है ; और

(ङ) देश में ऐसे कितने विभाग हैं जहां सारा कार्य राजभाषा में किया जा रहा है ।

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान हिन्दी सलाहकार समिति की छः बैठकें आयोजित की गई थी । तत्कालीन डाक-तार विभाग का डाक विभाग और दूरसंचार विभागों में द्विविभाजन हो जाने में हिन्दी सलाहकार समिति के पुनर्गठन में कुछ समय लग गया ।

(ख) वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं तथा इस सम्बन्ध में हुई प्रगति से निश्चित सुधार देखने को मिला है ।

(ग) मुख्यालय में मशीनों की संख्या निम्न प्रकार है :

	रोमन	देवनागरी	द्विभाषिक
(1) टेलीप्रिंटर (टेलेक्स सहित)	5	—	—
(2) कम्प्यूटर	2	—	—
(3) वर्ड प्रोसेसर	—	—	1
(4) साधारण टाइपराइटर	7 107	88	—